# अनदेखी : बहरी बाजार और बस स्टैण्ड अतिक्रमण की चपेट में

## बस स्टैंड के अंदर और बाहर अतिक्रमणकारियों की सजी दुकानें, कार्यवाही करने में लापरवाह बने हुए हैं जिम्मेदार अधिकारी

नवभारत न्यूज

**सीधी/बहरी, 05 नवंबर। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के किनारे स्थित बहरी तहसील मुख्यालय के बाजार और बस स्टैंड में अतिक्रमणकारियों की चांदी कट रही है। स्थिति यह है कि अतिक्रमणकारियों द्वारा सड? के पचासे पर भी पूरी तरह से अतिक्रमण कर अपनी दुकानें सजा ली गई हैं।**

भारी अतिक्रमण के चलते बहरी बाजार और बस स्टैंड में बड़े वाहनों को साइड लेने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। जिसके चलते दो बड़े वाहनों के आते ही जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। बताया गया है कि बहरी तहसील मुख्यालय में राष्ट्रीय



राजमार्ग क्रमांक 39 का वाईपास बनने के बाद से अब यहां की तस्वीर ही बदल चुकी है। सीधी, सिंगरौली एवं हनुमना मार्ग का जंक्शन होने के कारण यहां से हजारों वाहनों की आवाजाही दिन-रात बनी रहती है। साथ ही हर मार्ग के यात्री वाहन भी यहां से मिलते हैं। जिसके चलते यात्रियों की भरमार भी रहती है। सबसे बड़ी समस्या बहरी बाजार में ही बढ़ते अतिक्रमण को लेकर है। यहां अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कई बार शुरू तो हुई लेकिन आधी अधूरी होने से कोई निराकरण नहीं हो सका। स्थिति यह है कि यहां के ज्यादातर अतिक्रमणकारी अब यह कहने लगे हैं कि उनको दुकान लगाने के लिए मौखिक आदेश हैं। बस स्टैंड काम्प्लेक्स के मुख्य द्वार पर ही गोमटी रखकर व्यवसायियों द्वारा पूरा मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया है। जिससे लोगों को आने-जाने में भारी समस्याएं उठानी पड़ रही हैं। साथ ही प्रथम तल में दुकान करने वाले व्यवसायियों को भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चर्चा के दौरान कुछ व्यवसायियों ने कहा कि सामने फुटपाथी व्यवसायियों का अतिक्रमण हो जाने के कारण उनकी दुकानें ही दब गई हैं।

### शिकायतों पर नहीं हो रही कार्यवाही

अतिक्रमण के संबंध में कई बार तहसील कार्यालय में शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। बस स्टैण्ड में फुटपाथी व्यवसायियों द्वारा पूरी तरह से अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके चलते दो बसों के पहुंचते ही उन्हे निकलने में काफी समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। फुटपाथी व्यवसायी यहां अतिक्रमण करने के लिए ठेला एवं गोमटी का सहारा लिए हुए हैं। उनके द्वारा मुख्य सड? के पचासे में ही अपना समूचा कारोबार सुबह से लेकर देर शाम तक संचालित किया जा रहा है। इसी तरह बहरी तिराहा से हनुमना की ओर जाने वाले मार्ग में भी सड? की पटरी पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके चलते भारी वाहनों को साइड लेने के दौरान दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उनके द्वारा हनुमना मार्ग में करीब एक किमी तक सड? के किनारे अवैध रूप से झोपड़ी तानकर व्यवसाय किया जा रहा है। कुछ लोग तो कार्यवाही न होने से कच्चे मकान भी सडक के किनारे बना लिए हैं। ऐसे में बहरी तहसील मुख्यालय के लिए यहां का भारी अतिक्रमण नासूर बन चुका है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सही तरीके से हो जाए तो बहरी बाजार की रौनकता भी लौट सकती है।



# सीधी विधायक ने रियो संसदीय ग्रीन इन्वेस्टमेंट समिट-2025 में किया भारत का प्रतिनिधित्व

नवभारत न्यूज

**सीधी, 05 नवंबर। विधानसभा क्षेत्र सीधी की विधायक एवं पूर्व लोकसभा सांसद श्रीमती रीती पाठक ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित रिया संसदीय ग्रीन इन्वेस्टमेंट समिट 2025 में सक्रिय भागीदारी कर भारत का गौरव बढ़ाया।**

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 35 से अधिक देशों के सांसदों, विधायकों और नीति विशेषज्ञों और जलवायु वित्त निवेशकों ने हिस्सा लिया। समिट में वैश्विक स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु वित्त निवेश और हरित अर्थव्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श हुआ। श्रीमती पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के लिए यह गर्व की बात है कि हमारी राष्ट्रीय योजनाएँ जैसे पीएम-कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर योजना और ऊर्जा दक्ष एमएसएमई कार्यक्रम अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराही जा रही हैं। ये योजनाएं न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं बल्कि लोगों के जीवन स्तर को भी बेहतर बना रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद समुदायिक ग्रीन एनर्जी जोन में निवेश को प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन, महिलाओं के सशक्तिकरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकते हैं।

भारत की भूमिका पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे देश और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इससे भारत को हरित ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। श्रीमती पाठक ने बताया कि मध्य प्रदेश में सौर सिंचाई, छत ऊर्जा फटॉप सोलर और ऊर्जा दक्ष एमएसएमई योजनाएं ग्रामीण समृद्धि को नई गति दे रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक हरित ऊर्जा मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। समिट के दौरान उन्होंने विभिन्न देशों के सांसदों और निवेशकों से संवाद करते हुए कम लागत वाली वित्तीय सहायता जुटाने और स्थानीय स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के विस्तार पर चर्चा की।

# अंडर-22 क्रिकेट ट्रायल जिला क्रिकेट संघ का कल

नवभारत न्यूज

**सीधी 05 नवंबर। जिला क्रिकेट संघ सीधी डीसीए सीधी के सचिव उपेंद्र सिंह के निर्देशन में आगामी 7 नवंबर 2025 शुक्रवार को अंडर 22 क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है।**

यह ट्रायल छत्रसाल स्टेडियम सीधी में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। संघ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ट्रायल में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिन्होंने पूर्व में अपना पंजीयन कर लिया है। सभी खिलाड़ियों को अपने स्वयं के क्रिकेट किट के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को पिछले 3 वर्ष की मूल मार्कशीट, आधार कार्ड एवं डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी खिलाड़ी सफेद किट में उपस्थित हों। कट ऑफ डेट केवल वे खिलाड़ी पात्र होंगे जिनका जन्म 1 सितंबर 2003 के बाद हुआ है। जिला क्रिकेट संघ सीधी ने बताया कि इस ट्रायल के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन आगामी प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। ट्रायल के सफल आयोजन हेतु सभी खिलाड़ियों एवं अभिभावकों से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

# गणेश स्कूल के तीन छात्रों का राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा के लिए हुआ चयन

नवभारत न्यूज

**सीधी 05 नवंबर। विगत 28 अक्टूबर को सतना में संपन्न हुई शालेय संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पड़रा के 5 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया, जिनमें से 3 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है।**

जिसमे अंडर-19 में नियति लोधी एवं अयांश कटारिया, जबकि अंडर-17 में वंश



बसंतानी का चयन हुआ है।

जो राज्य स्तर पर 7 से 12 नवम्बर तक छिदवाड़ा जिले में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था के संचालक नीरज शर्मा ने बधाई देते हुए कहा खेल से हम समय प्रबंधन का निर्माण करने में सफल होते हैं तथा विद्यार्थियों में आत्मबल का विकास होता है। इस मौके पर असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा, प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी, एचएम माएमा सिमन्स तथा खेल प्रशिक्षकों में तरुणनाथ मिश्र, सूरज शुक्ल, सुभाष शुक्ल, माखनलाल मिश्र, विश्वास पाण्डेय, प्रियंका सिंह व अंकुर मिश्र एवं समस्त स्टॉफ ने खिलाड़ियों के चयन होने पर पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आगामी स्पर्धा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये शुभकामनाएं दी।

# मझौली में 2 मेडिकल स्टोर किए गए सील

नवभारत न्यूज

**मझौली 05 नवंबर। शासन प्रशासन की निर्देशानुसार मझौली उपखंड के स्वास्थ्य एवं राजस्व टीम ने अवैध रूप एवं एक्सपायरी दवाइयां रखने वाले दो मेडिकल स्टरों को सील किया है।**

बताते चलें कि छतरपुर एवं रीवा में गति घटना ने शासन प्रशासन की नींद उड़ा दी है। ब्लाक स्तरीय टीम गठित मेडिकल स्टोर संचालकों एवं अवैध क्लिनिक संचालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त अभियान के तहत मझौली स्वास्थ्य विभाग की



मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी की टीम तथा तहसीलदार मड़वास की टीम द्वारा मारवाड़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत संचालित कृष्णा मेडिकल टिकरी, एवं एमआरएस मेडिकल स्टोर टिकरी में जाच कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से संचालित तथा एक्सपायरी दवाइयां पाए जाने पर सील किया गया है।

# सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन आज से प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सीधी 05 नवंबर। रोली मेमोरियल सभागार सीधी में युग तुलसी पूज्य राम किंकर महाराज के आत्मीय कृपापात्र शिष्य एवं राम किंकर विचार मिशन के परमाध्यक्ष श्रद्धेय संत स्वामी मैथिली शरण महाराज ऋषिकेश के श्रीमुख से निःसृत मंगलमई श्री राम कथा का आयोजन दिनांक 6 नवम्बर से 12 नवम्बर तक किया जा रहा है।**

रामकिंकर विचार मिशन के तत्वावधान में यह श्रीराम कथा का 17वां सोपान है। सीधी नगर के सभी प्रबुद्ध एवं राम कथा के



रसिकों से विनम्र निवेदन है कि आप अपने ईष्ट मित्रों सहित पधार कर दिव्य मंगलमई श्री राम कथा श्रवण का लाभ लेने का कष्ट करें। सायं 6 बजे से 6:30 बजे तक अनिल पाठक एवं विक्रम मिश्र के मधुर वाणी से भक्ति संगीत का भी आनन्द आप सब ले सकते हैं एवं ठीक 6:30 बजे से 8:30 बजे तक महाराज की दिव्य वाणी से उद्धूत श्रीरामकथा का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त करें।

# जिला स्तरीय समिति ने ईवीएम का भौतिक सत्यापन किया



नवभारत न्यूज

**सीधी 05 नवंबर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन एवं उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला द्वारा जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ वेयरहाउस में ईवीएम का भौतिक सत्यापन किया गया।**

सत्यापन के दौरान तहसीलदार गोपद बनास सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। निर्वाचन कार्य से संबंधित समस्त प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई।

### मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ कल सौंपेगा ज्ञापन

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष श्रवण मिश्र ने बताया कि मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा सीधी द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगो को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को सम्बोधित ज्ञापन पत्र 7 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे सौंपा जायेगा।



# अनेक रूपों में जो सर्वत्र विद्यमान है वही ब्रह्म है : व्यासपीठ

नवभारत न्यूज

**मझौली ,05 नवंबर। अनेक रूपों में जो सर्वत्र विद्यमान है। वहीं ब्रह्म विधाता है जिसके गति से पूरी सृष्टि गतिमान है उसी का अनेक रूपों एवं अनेक प्रकार से पूजन वंदन किया जाता है.**

उक्त प्रसंग जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम ताला में रामचंद्र निर्मला तिवारी के आवास पर उनकी माता बेटीबाई तिवारी पति स्व कौशल प्रसाद तिवारी के मरणोपरांत वार्षिक स्मृति में आयोजित भागवत कथा पुराण यज्ञ के दूसरे दिन व्यास पीठ से कथा प्रवक्ता आचार्य पवन भाई मिश्रा श्री धाम वृंदावन व



तपोधम चित्रकूट के द्वारा भागवत प्रसंग में बताया गया। कथा में कलयुग एवं राजा परीक्षित का संवाद, कलयुग के प्रभाव से राजा परीक्षित द्वारा ऋषि का अपमान जिस कारण ऋषि पुत्र का राजा परीक्षित को श्राप, शुकदेव पूजन, महात्मा विदुर के घर भगवान कृष्ण का भोजन जैसे प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा संगीत के तर्ज पर हो रही है जहां भागवत के साथ भजन, स्तुति सुरताल के साथ प्रस्तुत किया जाता है, जहां श्रद्धालु भागवत ज्ञान गंगा में शामिल होकर श्रवण पुण्य अर्जित कर रहे हैं। संगीत मंडली में आर्गन में नंदकिशोर, हारमोनियम में महेश गौतम, तबला में राम जी एवं पैड में संतोष अपने प्रस्तुति देते हैं। कथा का शुभारंभ आज 4 नवंबर मंगलवार से हुआ है जिसका समापन 10 नवंबर 2025 एवं हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम 11 नवंबर को निर्धारित किया गया है। कथा प्रवचन का समय दोपहर 2 बजे से शाम तक नित्य जारी रहेगा। कथा के दूसरे दिन प्रमुख रूप से महेंद्र मणि तिवारी अधिवक्ता, विदेश सिंह मझौली, पवन तिवारी अधिवक्ता मझौली, राम मणि तिवारी, देवेश द्विवेदी शिक्षक, शिवप्रसाद बैश पूर्व उपसरपंच ताला, राम सलोने चतुर्वेदी, जग्गा कोल पूर्व उपसरपंच ताला आदि उपस्थित रहे।

# मेरी शाला बेस्ट शाला : विज्ञान शिक्षकों का प्रायोगिक प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 05 नवंबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में मेरी शाला बेस्ट शाला योजना के अंतर्गत जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में विज्ञान संकाय से संबंधित विषयों के अध्यापन हेतु शिक्षकों का उन्मुखीकरण सह प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यशाला 31 अक्टूबर 2025 को उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में आयोजित की गई।**

कार्यशाला में जिले के विज्ञान एवं रसायन शास्त्र विषय के शिक्षकों को प्रायोगिक कार्य के महत्व एवं उसकी तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर डॉ. सुजीत कुमार





मिश्र, एपीसी रमसा ने बताया कि यह कार्यशाला अकादमिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रायोगिक कार्यों से विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ेगी तथा उनमें विज्ञान विषय के प्रति रुचि और जिज्ञासा विकसित होगी।

जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में प्रायोगिक कार्य अनिवार्य रूप से कराए जाएँ। उन्होंने चेतावनी दी कि औचक निरीक्षण के दौरान प्रयोगशाला अव्यवस्थित या प्रायोगिक कार्य बंद पाए जाने पर संबंधित प्राचार्य एवं विषय शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में संजय गांधी कॉलेज सीधी के प्राचार्य एवं रसायन शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. पी.के. सिंह, भौतिकी विषय के डॉ. अरविंद त्रिपाठी तथा जीव विज्ञान के डॉ. आई.पी. प्रजापति ने शिक्षकों को विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पी.के. सिंह को उनके 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी, एडीपीसी प्रवीण शुक्ल, एपीसी डॉ. सुजीत मिश्र, विजय सिंह सहित जिले के अनेक प्राचार्य एवं विज्ञान विषय के शिक्षक उपस्थित रहे।



# जल विद्युत परियोजना की भूमि में रोक के बाद भी एलएलसी कंपनी ने शुरू किया निर्माण

नवभारत न्यूज

**सीधी 05 नवंबर। जिले के तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र पटना में हर घर नल जल योजना के अंतर्गत कार्य में लगी एलएलसी कंपनी द्वारा मप्र शासन बाणसागर जल विद्युत परियोजना की भूमि के अंश भाग में पानी टंकी के निर्माण कार्य रोंक के बाद भी शुरू कर दिया गया है।**

बताते चलें कि तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा एलएलसी कंपनी रामपुर नैकिन ब्लॉक के सी.प्रो. मैनेजर रामप्रसाद नायडू को नोटिस जारी की गई थी। जारी नोटिस क्रमांक 539, दिनांक 28 अक्टूबर 2025 में निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस में कहा गया था कि सरपंच ग्राम पंचायत क्षेत्र पटना के पत्र के संबंध में पटवारी हल्का से जांच प्रतिवेदन मंगाया गया। प्रतिवेदन में पाया गया कि ग्राम पटना की आराजी नंबर 351 रकवा 0.120 हे. मप्र शासन बाणसागर जल विद्युत परियोजना की भूमि के अंश भाग 20 गुणे 20 वर्गमीटर में पानी की टंका का निर्माण कार्य किया जा रहा है। तत्संबंध में कंपनी की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया है कि उच्च स्तरीय टंकी के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत पटना में उक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण आवेदित भूमि पर हर घर नल जल योजना के अंतर्गत टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अधीक्षण यंत्री (सिविल) 3 म.प्र. पा.ज.कं.लि. सिलपरा के कार्यालय का पत्र क्रमांक 435 द्वारा अवगत कराया गया है कि परियोजना नहर के दोनो तरफ बघवार से लेकर ग्राम पटना तक अतिक्रमण किया जा रहा है।

# समाधि स्थल पर समर्थकों ने कुंवर अर्जुन सिंह को दी श्रद्धांजलि

## समाधि स्थल पर संगीतमय भजन और कीर्तन का हुआ आयोजन,पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने की श्रद्धांजलि अर्पित

नवभारत न्यूज

**सीधी 05 नवंबर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री स्व. कुंवर अर्जुन सिंह की जयंती पर आज उनके गृह ग्राम स्थित समाधि स्थल रावसागर तालाब में समर्थकों एवं अनुयायियों ने पहुंचकर पुष्पांजलि करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।**

इस दौरान स्कूली बच्चों ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति का दौर लगातार जारी रखा। इससे पूर्व नगर परिषद चुरहट के पास थाना तिराहा के समीप स्थित स्व. कुंवर अर्जुन ड्क्षसह की प्रतिमा पर आज सुबह लोगों ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आज सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ जो अनवरत रूप से दोपहर 12 बजे तक पुष्पांजलि कार्यक्रम के रूप में चलता रहा। काफी समर्थक दोपहर एवं शाम को भी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित



किए। समाधि स्थल पर पहुंचने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, सिंगरौली जिला कांग्रेस ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, रूद्रप्रताप सिंह बाबा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, सोमेश्वर सिंह, विष्णुबहादुर सिंह खड्डी, बुद्धिमान सिंह चंदेल, सुरेश सिंह दुअरा, सूर्यपाल सिंह राजन, पद्माकर सिंह, नगर पंचायत चुरहट अध्यक्ष श्रीमती मोनिका गुप्ता, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रतिभान पटेल, रामसुमिरन सेन, चंद्रमणि पाण्डेय, कृष्णप्रताप सिंह बब्बू, रामपाल सिंह गहरवार, रमाकांत पाण्डेय, बृजवासी पाण्डेय समेत काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। काफी संख्या में महिलाओं ने भी समाधि स्थल में आकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम रहे कि सीधी जिले के वरिष्ट कांग्रेस नेताओं के साथ अधिकांश कांग्रेस कार्यकर्ता आज भोपाल में कुंवर अर्जुन सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए गए थे।

### कांग्रेसजनों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

पूर्व केंद्रीय मंत्री मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब के पूर्व राज्यपाल मार्गदर्शक एवं जननायक स्व. कुंवर अर्जुन सिंह दाऊ साहब की जयंती के अवसर पर 5 नवम्बर 2025 को जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दाऊ साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम उपरांत प्रातः 11 बजे अस्पताल चौक स्थित दाऊ साहब की प्रतिमा पर पहुंचकर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया और उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसजनों ने कहा कि दाऊ साहब का पूरा जीवन त्याग, सेवा, समर्पण और जनकल्याण को समर्पित रहा है। वे सदैव आमजन की भलाई और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए



प्रतिबद्ध रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे दाऊ साहब के बताए मार्ग पर चलकर जनसेवा और सामाजिक न्याय की उनकी विरासत को आगे बढ़ाएंगे। श्रद्धांजलि सभा में जिलेभर से आए कांग्रेसजनों ने उनकी स्मृतियों को नमन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, सिंगरौली जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ नेता विष्णु बहादुर सिंह, संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, महिला कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री नीलम सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, कांग्रेस प्रवक्ता पंकज सिंह, महामंत्री जय सिंह, ओंकार सिंह करचूली, अशोक कोरी, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।